**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 04.08.2026**

## स्वाट टीम, अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत अवैध मादक पदार्थो की तस्करी / बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान मे दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में विभिन्न माध्यम से अवैध गाँजा तस्करी व बिक्री करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 02 शातिर सदस्य गिरफ्तार, जिनके कब्जे से अवैध गांजा व गांजे की तस्करी में प्रयुक्त एक कार बरामद

पुलिस आयुक्त कमिश्रनेट गाजियाबाद के द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी / बिक्री पर रोकथाम हेतु अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के नेतृत्व में दिनाँक- 03/08/2026 को स्वाट टीम, अपराध शाखा व थाना वेवसिटी पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में विभिन्न माध्यम से अवैध गाँजा की तस्करी व बिक्री करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 02 शातिर सदस्यों को कम्पोजिट विद्यालय उस्मान कालोनी डासना के पास थान वेवसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 20 किलो 972 ग्राम अवैध गाँजा व गांजा तस्करी मे प्रयुक्त वरना कार रंग सफेद बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा विभिन्न स्कूलों / कॉलिजो एंव हॉस्टल के आस पास गाँजा ,चरस,स्मैक आदि मादक पदार्थ की सप्लाई की जा रही थी, गिरफ्तार अभियुक्तों के पकडे जाने से निश्चित तौर पर स्कूल / कॉलिजों में मादक पदार्थों की सप्लाई / बिक्री पर अंकुश लगेगा ।

**अभियुक्त का नाम व पता-**

1.फिरोज खान पुत्र दीनमौहम्मद निवासी ग्राम नाहली थाना भोजपुर गाजियाबाद हाल पता गली न0-04 गौतम विहार न्यू उस्मानपुर दिल्ली उम्र करीब 28 वर्ष

**2.**जैद पुत्र जाहिद निवासी ग्राम नाहल थाना मसूरी जनपद-गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त फिरोज खान पुत्र दीन मौहम्मद तथा जैद पुत्र जाहिद ने पूछताछ करने पर बताया कि ये लोग पिछले काफी समय से अपने साथियों वसीम व शाहनवाज के साथ मिलकर नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर मे अवैध गाँजा, चरस, स्मैक आदि मादक पदार्थो की तस्करी/ बिक्री कर रहे है, अभियुक्त फिरोज ने बताया कि मेरा साथी वसीम तथा शाहनवाज उडीसा व बिहार से गाँजा खरीदकर लाते है जिसे हम सब मिलकर यहाँ अच्छे मुनाफे पर बेच देते है , हम पिछले काफी समय से गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली एनसीआर में अवैध गाँजा,चरस,स्मैक आदि मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री कर रहे है । गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों ने बताया कि उक्त काम से ये लोग काफी लाभ प्राप्त करते है जिसको आपस में बराबर-बराबर बाँट लेते है, जिससे ये लोग अपने शौक पूरे करते है तथा अपने घर के खर्चे चलाते है ।

**आपराधिक इतिहास –**

**1.**अभियुक्त फिरोज के विरूद्ध मादक पदार्थों की तस्करी / बिक्री के सम्बन्ध मे मु0अ0स0-292/25 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना धौलाना जनपद-हापुड पर पूर्व से पंजीकृत है।

अभियुक्त फिरोज व जैद के अन्य आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध मे जानकारी की जा रही है।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

**1.**अवैध गाँजा- 20 किलो 972 ग्राम

2.गांजा तस्करी मे प्रयुक्त वरना कार रंग सफेद रजिस्ट्रेशन न0-यूपी 14 डीक्यू 2526

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>-**

1.स्वाट टीम, अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2.थाना वेवसिटी पुलिस टीम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।

## गाजियाबाद पुलिस का अपराध के विरुद्ध सशक्त अभियान

**स्वाट टीम, अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे अवैध मादक पदार्थो की तस्करी / बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पदार्थो की तस्करी / बिक्री करने वाला अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न प्रकार के अवैध मादक पदार्थ व नगदी बरामद।**

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी / बिक्री पर रोक लगाने हेतु अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के नेतृत्व में दिनांक- 04/08/2026 को स्वाट टीम, अपराध शाखा व थाना विजयनगर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में बिहार राज्य से लाकर नोएडा व गाजियाबाद में ऑनलाइन पोर्टर के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी / बिक्री करने वाला एक शातिर अन्तर्राज्यीय तस्कर कौस्तुभ उर्फ कार्तिक को संतोष मेडिकल सर्विस रोड, सैक्टर 12 प्रताप विहार थाना विजयनगर गाजियाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न किस्म के अवैध इन्पोर्टेड मादक पदार्थ ओजी गांजा, शिलॉग गांजा, मैंगो गांजा व कोकीन तथा 13 लाख रूपये नगद बरामद किये गये है। गिरफ्तार अभियुक्त व इसके अन्य साथियों द्वारा विभिन्न स्कूलों / कॉलिजो एंव हॉस्टल के whatsapp ग्रुपों मे जुडकर उनमें इस प्रकार के मादक पदार्थों का प्रचार करके छात्रों को ऑनलाइन मादक पदार्थ सप्लाई करने का काम किया जा रहा था, गिरफ्तार अभियुक्त के पकडे जाने से निश्चित तौर पर स्कूल / कॉलिजों में मादक पदार्थों की सप्लाई / बिक्री पर अंकुश लगेगा।

**<u>अभियुक्त का नाम व पता</u>**

1.कौस्तुभ मिश्रा उर्फ कार्तिक पुत्र राहुल मिश्रा निवासी म0न0-72 नागेश्वर कॉलोनी ईस्ट बोरिंग कैनाल रोड थाना बुद्ध कॉलोनी पटना बिहार उम्र करीब 34 वर्ष

**<u>पूछताछ का विवरण</u>-** अभियुक्त कौस्तुभ मिश्रा ने पूछताछ पर बताया कि वह मूल रूप से पटना बिहार का रहने वाला है तथा शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा से बीटेक व एमबीए की पढाई की है। मेरा व मेरा साथी शिवम मिश्रा पुत्र युगल किशोर, दीपक पुत्र ओमप्रकाश, सूरज, अभिषेक, तनिष्क, इमरान, दीपक पुत्र मोहन, शिवम पुत्र महेशचन्द व बोबी का नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर मे विभिन्न किस्म के अवैध गांजा (ओजी, मैंगो, शिलॉग), एमडीएमए, चरस, स्मैक, कोकीन आदि मादक पदार्थो की तस्करी/ बिक्री करने का एक संगठित गिरोह है , हम सभी मिलकर पिछले

काफी समय से नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर मे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी / बिक्री का काम कर रहे है। अभियुक्त कौस्तुभ द्वारा बताया गया कि वह अपने राज्य बिहार से विभिन्न किस्म के अवैध गांजा (ओजी, मैंगो, सिलोंग), एमडी, चरस, स्मैक, कोकीन आदि लाकर अपने साथी शिवम मिश्रा पुत्र युगल किशोर, दीपक पुत्र ओमप्रकाश, सूरज, अभिषेक, तनिष्क, इमरान, दीपक पुत्र मोहन, शिवम पुत्र महेशचन्द व बोबी के साथ मिलकर ग्राहकों से ऑनलाइन ऑर्डर लेकर अपने बैंक खातो मे यूपीआई के माध्य से रुपये लेकर खरीददार द्वारा बताये गये पतों पर पॉर्टर प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपरोक्त मादक पदार्थों की सप्लाई / डिलीवरी का काम करते है। गिरफ्तार अभियुक्त कौस्तुभ ने बताया कि उसके साथी शिवम मिश्रा पुत्र युगल किशोर, दीपक पुत्र ओमप्रकाश, सूरज, अभिषेक व तनिष्क स्वाट टीम, अपराध शाखा द्वारा अवैध मादक पदार्थो के साथ उनकी तस्करी के अपराध मे थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद से तथा दिनाँक- 30/07/2026 को इमरान, दीपक, शिवम व बोबी थाना नॉलेज पार्क नोएडा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिसमे थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मुझे भी तलाश किया जा रहा है। मेरे उपरोक्त साथियों की अवैध मादक पदार्थों सहित गिरफ्तारी हो जाने से काफी नुकसान हो गया था तथा माल की काफी डिमाण्ड पेंडिग चल रही थी, उक्त पेंडिग डिमाण्ड की डिलिवरीहेतु मै गाजियाबाद / नोएडा आया था। अभियुक्त कौस्तुभ ने बताया कि उक्त काम से वह व उसके साथी काफी लाभ प्राप्त करते है जिसको आपस में बराबर-बराबर बाँट लेते है, जिससे हम लोग अपने शौक पूरे करते है तथा अपने घर के खर्चे चलाते है। इस बार भी मै बिहार से अवैध मादक पदार्थ लेकर आया था जो रूपये मेरे पास से बरामद हुए है वो उसी माल को बेचकर प्राप्त हुए है इन्ही में से कुछ रूपये मुझे अपने साथी जो थाना नॉलिज पार्क गौतमबुद्धनगर से जेल गये है उनकी जमानत के लिए भी देने थे।

**आपराधिक इतिहास –**

अभियुक्त कौस्तुभ मिश्रा उर्फ कार्तिक मु0अ0स0-177/2026 धारा-8/18/20/21 एनडीपीएस एक्ट थाना नॉलिज पार्क जनपद-गौतमबुद्धनगर से अवैध मादक मदार्थो की तस्करी / बिक्री के अभियोग का वांछित अभियुक्त है, जिसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी का विवरण-**

**1.**विभिन्न किस्म का इम्पोर्टेड गांजा- कुल 894 ग्राम (ओजी गांजा-29 ग्राम, मैंगो गांजा- 295 ग्राम, सिलोंग गांजा-570 ग्राम)

**2.**अवैध कोकीन- 02 ग्राम

**3.**नगदी- 13 लाख रुपये

**4**.अवैध गांजा बिक्री करने हेतु प्रयुक्त एमाजोन की पॉलीथिन, स्टैप्लर, पारदर्शी प्लास्टिक पॉलीथिन

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.स्वाट टीम, अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2.थाना विजयनगर पुलिस टीम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।